**द कम्यूनिटी लाइब्रेरी प्रोजेक्ट व द कम्यूनिटी लाईब्रेरी नेटवर्क**

**लाइब्रेरी प्रथा और रीड-अलाउड संसाधन**

## प्रशिक्षण में प्रयोग किए गए संसाधन

**प्रशिक्षण में प्रयोग की गई स्लाईड्स:** यह वे स्लाईड्स (slides) हैं जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान स्क्रीन पर दिखाया गया था।

पहला दिन: बुनियादी लाइब्रेरी प्रथा व बाल सुरक्षा

दूसरा दिन: रीड-अलाउड व डिजिटल लाइब्रेरी

**प्रशिक्षण के विडियो:** प्रशिक्षण में चर्चा की गई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा करने के लिए प्रशिक्षण के अलग-अलग सत्रों के विडियो को यहाँ देखें।

## लाइब्रेरी के लिए खास प्रथाएँ

इस सत्र में आप लाइब्रेरी में प्रयोग होने वाली कुछ खास प्रथाओं से जुड़े संसाधन पाएँगे। कृप्या ध्यान दें कि यह संसाधन टी.सी.एल.पी में खास उसके सदस्यों और ज़रूरतों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं और इस्तेमाल किए जाते हैं। अपने मौजूदा आकार में, ज़रूरी नहीं है सभी लाइब्रेरी संस्थाओं के लिए उपयुक्त रहें। इन्हें एक उदाहरण के रूप में देखें और यदि आप इन्हें अपनी लाइब्रेरी में अपनाना चाह रहे हैं तो पहले इनकी समीक्षा कर अपनी संस्था एवं सदस्यों की ज़रूरतों के अनुसार इनमें बदलाव करें।

1. **लाइब्रेरी प्रथाओं पर एक लेख:** टी.सी.एल.पी में प्रयोग किए जाने वाली ज़रूरी प्रथाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानने के लिए, और उनके पीछे क्या तर्क है यह समझने के लिए, इस छोटे से लेख को पढ़ें।
2. **नामांकन प्रपत्र:** नीचे दिए गए प्रपत्रों को टी.सी.एल.पी के प्रयोग के लिए बनाया गया है, खास यह ध्यान में रखते हुए कि नामांकन की प्रक्रिया सभी के लिए आसान रहे और टी.सी.एल.पी का मर्गदर्शक सिद्धांत इन प्रपत्रों में भी झलके।
    a. बच्चों के लिए नामांकन प्रपत्र
    b. बड़ों के लिए नामांकन प्रपत्र

3. **पुस्तक की रिपोर्ट:** पुस्तक रिपोर्ट प्रपत्र और साथ-साथ प्रतिक्रिया प्रपत्र को पुस्तकालय में टिप्पणियों और विभिन्न कार्यक्रमों से सीखने के आधार पर डिजाइन किया गया था। पुस्तक रिपोर्ट कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर, प्रपत्र और पुस्तक रिपोर्ट दिशानिर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए संशोधित किए जाते हैं कि वे परीक्षण के बिना सोच को प्रोत्साहित करें, और यह एक ऐसी गतिविधि बनी हुई है जिसमें छात्र प्रश्नों के उत्तर देने के दबाव के बिना सोचने का आनंद लेते हैं।
   a. बुक रिपोर्ट फॉर्म: TCLP में, हमारे पास दो अलग-अलग बुक रिपोर्ट फॉर्म हैं - एक लेखन आधारित फॉर्म और एक ड्राइंग आधारित फॉर्म - और छात्रों के पास यह तय करने का विकल्प होता है कि वे हर बार किस फॉर्म में काम करना चाहते हैं।
   b. फ़ीडबैक फ़ॉर्म: फ़ीडबैक को छात्रों के साथ मौखिक रूप से साझा किया जाता है, लेकिन लिखित रिकॉर्ड प्रत्येक छात्र की फ़ाइल में बनाए रखा जाता है।
4. **सर्कुलेशन और ऑनर रोल बोर्ड:** TCLP पर संचलन कार्यक्रम के बारे में और अधिक पढ़ने के लिए और हम सदस्यों के पढ़ने के मील के पत्थर इस पृष्ठ पर कैसे जाएँ।
5. **हेडस्टार्ट कार्यक्रम:** हेडस्टार्ट कार्यक्रम हमारे सबसे कम उम्र के सदस्यों के लिए बनाया गया है ताकि वे कम उम्र में पुस्तकों और लाइब्रेरी की जगह के साथ जुड़ सकें। इस बारे में यहां और पढ़ें।
6. **पठन प्रवाह:** पठन प्रवाह कार्यक्रम उन पाठकों के लिए एक हस्तक्षेप है जो उपयुक्त गति, सटीकता, भाव और आत्मविश्वास के साथ पढ़ने के लिए संघर्ष करते हैं। कार्यक्रम के बारे में यहाँ और पढ़ें।

**बाल सुरक्षा**

1. **टी.सी.एल.पी की बाल सुरक्षा और संरक्षण नीति:** नीति को पढ़ने के लिए यहाँ क्लिक करें।
2. **टी.सी.एल.पी की आचार नियमावली और नैतिक मानक:** नीति को पढ़ने के लिए यहाँ क्लिक करें।
3. **सामाजिक मीडिया और ऑनलाइन आचरण के लिए TCLP के दिशानिर्देश:** Read the guidelines here.
4. **कुछ जरूरी लिंक**
   a. What is the POCSO Act and how is it used: A guide

b. Manual on Comprehensive School Safety and Security Programme - UNICEF & Government of West Bengal

c. National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR)

**रीड-अलाउड**

1. **रीड-अलाउड के लिए सुझाव:** इस लेख में आप रीड-अलाउड करने के कुछ ज़रूरी और उपयोगी सुझाव के बारे में विस्तार में पढ़ सकते हैं। हमने इस पर प्रशिक्षण के दौरान भी चर्चा करी थी और प्रशिक्षण से पूर्व इस पर एक इंफोग्राफिक भी भेजा गया था। -- रीड-अलाउड के लिए सुझाव
2. **रीड-अलाउड - क्या करें और क्या ना करें:** इस इंफोग्राफिक में आप पायेंगे कुछ ऐसी खास प्रथाएँ जिनका किसी भी रीड-अलाउड में ज़रूर अपनाना चाहिए और कुछ प्रथाएँ जिनका परहेज करना चाहिए। -- रीड-अलाउड - क्या करें और क्या ना करें
3. **रीड-अलाउड पाठ्य योजना:** रीड-अलाउड की तैयारी करने की एक अच्छी प्रथा है कि पहले से ही सोचें कि कहानी में आप किस मुख्य विषय अधिक ध्यान देना चाहते हैं, किस तरह के और कौन से सवाल पूछना चाहते हैं, कोई गतिविधियाँ जो आप करना चाहे ताकी दर्शक कहानी के बारे में और गहराई से सोच सकें। उदाहरण के तौर पर रीड-अलाउड पाठ्य सोजना की इस रूपरेखा और कुछ नमूनों को देखें।
4. **रीड-अलाउड के कुछ अतिरिक्त संसाधन:** रीड-अलाउड के बारे में और जानकारी पाने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें।

**डिजिटल लाइब्रेरी**

1. **एक्स-रिकॉर्डर (XRecorder) अनुशिक्षण:** एक्स-रिकॉर्डर (XRecorder) के बारे में इस अनुशिक्षण विडियो को देख कर आप जान सकते हैं कि इस फोन ऐप की मदद से किस तरह आप असर्दार विडियो रीड-अलाउड बना सकते हैं, जिसमें आप अपने फोन की स्क्रीन के साथ-साथ रीड-अलाउड करते हुए अपना विडियो भी रिकॉर्ड कर सकते हैं। इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए इस लिंक पर जाएँ।

2. **ओ.बी.एस. अनुशिक्षण:** यह एक अनुशिक्षण है ओ.बी.एस. के लिए, जो कि एक कंप्यूटर पर चलने वाला ऐप है। यह एक्स-रिकॉर्डर की तरह स्क्रीन पर दिख रही किताब के साथ-साथ रीड-अलाउड करते हुए आपका विडियो भी रिकॉर्ड करता है। यह केवल कंप्यूटर पर चलता है (विंडोज़, लाईनक्स और मैक ओ.एस) और फोन पर नहीं। इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए इस लिंक पर जाएँ।

3. **रीड-अलाउड जाँच-सूची:** रीड-अलाउड के विडियो और ऑडियो बनाते समय इन जाँच-सूचियों को ध्यान से देखें। यह अच्छे रीड-अलाउड बनाने में मदद करेंगे और यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगे कि दिजिटल रीड-अलाउद के कोई ज़रूरी पहलू छूट न जाएँ।
   a. विडियो रीड-अलाउड के लिए जाँच-सूची
   b. ऑडियो रीड-अलाउड के लिए जाँच-सूची

4. **ऑनलाइन संसाधन:** यह कुछ वेबसाइट हैं जिनपर अच्छी किताबें और कुछ और पढ़ने की सामग्री हैं। इन वेबसाइट पर जाने के लिए इन लिंकों को खोलें: दुनिया सबकी, स्टोरीवीवर, अर्विंदगुप्तार्टॉयज़ और एकलव्य।
   a. **स्टोरीवीवर अनुशिक्षण:** इस अनुशिक्षण विडियो को देख कर जाने की स्टोरीवीवर वेब्साइट को कैसे इस्तेमाल करें।

5. **दुनिया सबकी चैनल के लिंक:** दुनिया सबकी के वॉट्सऐप चैनल पर जुड़ने के लिए thecommunitylibrarynetwork@gmail.com पर इ-मेल भेजें। हमारे विडियो रीड-अलाउड को देखने के लिए हमारे यूट्यूब चैनल पर जाएँ, और ऑडियो रीड-अलाउड सुनने के लिए साउंड-क्लाउड चैनल पर जाएँ।

6. **संसाधनों की सूची:** प्रशिक्षण के दौरान आपके साथ दुनिया सबकी, स्टोरीवीवर, अर्विंदगुप्तार्टॉयज़ और एकलव्य वेबसाइट के लिंक बांटे गए थे जो कि बाल साहित्य के लिए बहुत अच्छे संसाधन हैं। आप हमारी दुनिया सबकी वेबसाइट पर इसी प्रकार के कुछ और संसाधनों की सूची देख सकते हैं। दुनिया सबकी वेबसाइट पर पृष्ठ के सबसे निचले हिस्से पर आप पाएँगे **Resources for Educators / शिक्षकों के लिए।**